>

Title: Need to develop Balamau railway station in Misrikh Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh.

श्री अशोक कुमार रावत (मिसरिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिसरिख (उ0प्र0) के अंतर्गत बालामऊ स्टेशन को आदर्श स्टेशन के रूप में चयनित किया गया है । चूंकि इस क्षेत्र का यह एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, इसलिए इस स्टेशन को और अधिक विकसित किए जाने की आवश्यकता है । इस स्टेशन से गुजरने वाली सभी महत्वपूर्ण रेलगाड़ियाँ-लखनऊ मेल, श्रमजीवी एक्सप्रेस सहित अन्य वे रेलगाड़ियां जो वाया कानपुर होकर जाती है, का ठहराव दिए जाने के साथ-साथ लोडिंग व अनलोडिंग प्लेटफार्म बनाए जाने की आवश्यकता है ।

मेरा अनुरोध है कि सरकार इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें ।